# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 23.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रीय महिला आयोग ने बोकारो में एक नाबालिग लड़की के कथित सामूहिक बलात्कार की मीडिया रिपोर्ट्स पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस घटना की निंदा की है और राज्य के पुलिस महानिदेशक से तीन दिनों के अंदर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) मांगी है। इसके साथ ही आयोग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पीड़िता को आवश्यक चिकित्सीय, कानूनी और मानसिक सहायता सुनिश्चित की जाए, साथ ही मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जाए।

****************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर पाकिस्तान के साथ समझौतों के जरिए देशहित के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 1947 से पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र मानने के बावजूद कांग्रेस ने 1950 के नेहरू–लियाकत समझौते, 1960 के सिंधु जल समझौते और 1975 के शिमला समझौते जैसे कई कदम उठाए। श्री दुबे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1991 और 1994 में सैन्य रणनीति से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा कर देश की सुरक्षा से समझौता किया। उन्होंने मांग की कि भारत सरकार को इस पर देशद्रोह का मुकदमा चलाना चाहिए।

****************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को निष्क्रिय बनाने का आरोप लगाया है। एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि लोकायुक्त, महिला आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग और उपभोक्ता फोरम जैसे संस्थाओं में वर्षों से नियुक्तियां नहीं हुई हैं। श्री मरांडी ने दावा किया कि महिला आयोग में पांच हजार से अधिक मामले लंबित हैं और कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा। उन्होंने इसे प्रशासनिक विफलता बताते हुए सुनियोजित साजिश करार दिया।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज ईस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर–सह–डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता कमिटी के वाइस चेयरमैन मेजर जनरल अरुण राजेश मोगे और मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को जुलाई में जमशेदपुर में होने वाली डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

****************

राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने योगमय झारखंड 2025–26 कार्यक्रम शुरू किया है। राज्य में स्कूली छात्रों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत 11 जून को सभी सरकारी स्कूलों में लाखों छात्र एक साथ सूर्य नमस्कार करेंगे। वहीं 12 जून को सभी स्कूलों में योग क्लब का गठन किया जाएगा और हर बुधवार और शनिवार को योगाभ्यास अनिवार्य होगा। साथ ही 19 और 20 जून को योग आधारित प्रतियोगिताएं और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी छात्र सामूहिक योगाभ्यास करेंगे।

****************

कल्याण गुरुकुल के माध्यम से जामताड़ा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को प्रशिक्षण देकर कौशल विकास ही नहीं बल्कि रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है।

****************

राज्य में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रांची में तापमान गिरकर 30 डिग्री और पलामू में 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग ने 28 मई तक राज्य में बारिश, गरज, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

****************

निशानेबाजी में ओलंपियन रायजा ढिल्लों ने जर्मनी में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्वकप में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया है। ढिल्लों ने 60 शॉट के फाइनल में 51 निशाने लगाए।

*******समाप्त*******